प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए सदन में तीन नए विधेयक पेश; लोकसभा की सीटें 850 करने का प्रस्ताव।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण को बताया राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक; कहा– नारी शक्ति वंदन अधिनियम से सशक्त होगा लोकतंत्र।
3. सारंडा के जंगलों में दूसरे दिन भी मुठभेड़ जारी, नक्सलियों के आइइडी ब्लास्ट में कोबरा का एक और जवान घायल, एयरलिफ्ट कर लाया जा रहा रांची।
4. पेयजल और स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राज्य में खराब चापाकलों को ठीक करने के दिए निर्देश; कल बुलाई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक।

और

5. बिहार के राजगीर में सीनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप शुरू; झारखंड महिला टीम का आज केरल से होगा मुकाबला।

**********************

संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हो गया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने और परिसीमन आयोग के गठन के लिए तीन नए विधेयक पेश किए। इनके माध्यम से लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रस्ताव है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इनका विरोध करते हुए आरोप लगाया कि ये विधेयक देश के संघीय ढांचे को कमजोर करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की आपत्तियों को तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद के विशेष सत्र में देश महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश की माताओं और बहनों का सम्मान करना ही राष्ट्र का सम्मान करना है और देश इसी भावना के साथ दृढ़तापूर्वक इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**********************

राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं और युवतियों में खासा उत्साह है। रांची की महिलाओं का मानना है कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का यह फैसला महिला सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और भविष्य के निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संसद के विशेष सत्र में पेश किये गये महिला आरक्षण विधेयक को राजनीतिक साजिश बताया है। श्री भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना जाति आधारित जनगणना और परिसीमन के इस विधेयक को लागू करना महिलाओं के साथ छलावा है।

**********************

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए झामुमो पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखेगा।

*********************

चाईबासा के सारंडा जंगलों में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच दूसरे दिन भी मुठभेड़ जारी है। आज नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का एक और जवान घायल हो गया, जिसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है। इस अभियान में अब तक कुल पांच जवान घायल हो चुके हैं।

**********************

राज्य में भीषण गर्मी के बीच गहराते पेयजल संकट पर राज्य सरकार अलर्ट मोड में है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि जनता को शुद्ध पानी उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन पेयजल योजनाओं का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, उन्हें युद्ध स्तर पर पूरा कर चालू किया जाए। खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए हर डिवीजन में विशेष मरम्मत वाहन चलाए जा रहे हैं। मंत्री ने 17 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी बुलाई है।

**********************

रांची की पीएमएलए कोर्ट में टेंडर कमीशन घोटाले के आरोपी राजकुमार टोप्पो सहित दो लोगों ने आज सरेंडर किया, जिन्हें अदालत ने एक लाख के मुचलके पर सशर्त जमानत दे दी। ईडी द्वारा 14 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के बाद अब तक छह आरोपी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। मामले की अगली सुनवाई निर्धारित तिथि पर होगी।

**********************

अपनी मांगों को लेकर झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के सैकड़ों कर्मियों ने आज रांची में विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के आवास का घेराव किया। पुराने विधानसभा स्थित आवास पर जुटे कर्मियों ने सेवा स्थायीकरण और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण धुर्वा क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

**********************

गिरिडीह के डुमरी में आज सुबह जीटी रोड पर हुए भीषण हादसे में दो लोग जिंदा जल गए। टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रकों को एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे तीन ट्रकों में भीषण आग लग गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और मृतकों की पहचान की जा रही है।

**********************

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार में कोई खास बदलाव नहीं देखने को मिला। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, सेंसेक्स 78 हजार 107 और निफ्टी 24 हजार 227 पर था।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 63 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

राज्य में भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने 17 और 18 अप्रैल को रांची समेत 13 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची, खूंटी और पलामू जैसे जिलों में लू चलने की प्रबल आशंका है। हालांकि, उत्तर–पूर्वी हिस्सों में आंशिक बादल और हल्की बारिश से मामूली राहत मिल सकती है।

**********************

सीनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप 2026 में हिस्सा लेने के लिए झारखंड महिला टीम बिहार के राजगीर पहुंच गई है। कप्तान नंदिनी बिरुआ के नेतृत्व में टीम आज केरल और दादरा नगर हवेली एवं दमन–दीव के विरुद्ध अपने अभियान की शुरुआत करेगी। राज्य के खेल प्रेमियों ने टीम को जीत की शुभकामनाएं दी हैं।

********समाप्त********